महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)

प.सं.17-1/2024(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/

दिनांक :28.10.2024

कार्यालय आदेश – 156/

विषय : पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) में अनुपस्थित वेद अध्यापकों की वेद सम्मेलन में अनिवार्य उपस्थिति के संबंध में ।

प्रतिष्ठान द्वारा वेदपाठशालाओं / इकाइयों में सेवारत अध्यापकों के अध्यापन की गुणवत्ता, ज्ञानवृद्धि के उद्देश्य से पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) का आयोजन किया जाता रहा है ।

यह ध्यान में आया है, कि प्रतिष्ठान द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आयोजित किए गए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में कई वेदपाठशालाओं / इकाइयों के वेदाध्यापक अनुपस्थित रहे हैं तथा प्रतिष्ठान द्वारा वेदों में निहित ज्ञान को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय एवं क्षेत्रिय वैदिक सम्मेलन में भी अध्यापक पारिवारिक - स्वास्थ्य तथा अन्य कारण बताते हुए अनुपस्थित रहे हैं ।

प्रतिष्ठान के सस्वर वैदिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मौखिक उच्चारण को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से देशभर में प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशाला तथा इकाई अध्यापकों का सहयोग प्राप्त होता रहा है । आशा है, कि यह सहयोग निरन्तर प्राप्त होता रहेगा । वेद अध्यापकों से अनुरोध है, कि वे स्वयं पहल करते हुए प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित किए जाने वाले वेद सम्मेलन, संगोष्ठी में सम्मिलित होने हेतु प्रतिष्ठान में संबंद्ध अधिकारी डॉ. अनूप कुमार मिश्र, सहायक निदेशक (परियोजना एवं प्रकाशन) से संपर्क करें तथा प्रतिष्ठान अथवा सहयोगी संस्था द्वारा सम्मेलन में आमंत्रित होने के लिए सूचित करने पर सम्मेलन में अपनी उपस्थिति अनिवार्यत: दर्ज कराएं ।

प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित किए जाने वाले पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, सम्मेलन, संगोष्ठी या अन्य किसी कार्यक्रम में बुलाए जाने पर अध्यापकों द्वारा अनुपस्थिति को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा संबंधित अध्यापक को अनुदान योजना से बाहर करते हुए अध्यापकों का मासिक मानदेय बाधित किया जा सकेगा । इस संबंध में कोई भी कारण, स्पष्टीकरण, पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि.जड्डीपाल) 28/10/2024
सचिव

प्रतिलिपि : (1) डॉ. अनूप कुमार मिश्र, सहायक निदेशक (प्रकाशन)
(2) श्री संजय श्रीवास्तव, सहायक निदेशक (शैक्षणिक) ।
(3) श्री श्रीकांत चौबे, पाठशाला अनुभाग प्रभारी॥
(4) समस्त वेदपाठशाला / गुरू-शिष्य परम्परा इकाई डीलिंग असिस्टेंट ।
(5) वेदपाठशाला / इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ईमेल एवं प्रतिष्ठान वेबसाईट पर प्रकाशित ।